राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'दीपावली के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 18 अक्टूबर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने 'दीपावली' के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने 'संदेश' में कहा है कि भारतीय संस्कृति का अनुपम प्रकाश–पर्व–'दीपावली'–अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और मृत्यु से अमरत्व की ओर अभिमुख होने की सत्प्रेरणा मनुष्य में जगाता है। यह त्योहार हमें बाहरी दुनियाँ को प्रकाशित करने के साथ–साथ, अपने अंतःकरण को भी प्रेम, उल्लास और बंधुत्व से आलोकित करने का पावन संदेश देता है। राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सद्‌भावना भी इस त्योहार के माध्यम से सुदृढ़ होती है।

राज्यपाल श्री मलिक ने 'दीपावली' के मांगलिक अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखी और समृद्धिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की है।

....